# आईआईटी इंदौर में 11 विषयों में पीएचडी की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

इंदौर। नईदुनिया रिपोर्टर

स्टडी ऑफ क्रिस्टल एंड इलेक्ट्रॉनिक स्ट्रक्चर, मैग्नेटिक प्रॉपर्टीज ऑफ फंक्शनल मटेरियल्स, नैनोमटेरिल्स, कंप्यूटर साइंस और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न विषयों में पीएचडी करने के लिए आईआईटी इंदौर ने प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत 11 विषयों में पीएचडी के लिए आवेदन किए जा सकते हैं। हर विषय में प्रवेश की अलग-अलग अंतिम तिथि तय की गई है। संस्थान की वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं।

आईआईटी इंदौर की शुरुआत के समय तीन विषयों में ही पीएचडी कराई जाती थी, लेकिन सिमरोल में स्थाई कैम्पस बनने के बाद से कई नए एडवांस विषयों में पीएचडी शुरू की गई है। इसमें एस्ट्रोफिजिक्स और स्पेस इंजीनियरिंग के विषयों में रिसर्च करने के लिए भी संस्थान ने सुविधा जुटा ली है। पीएचडी कराने के लिए 11 विषयों के अनुभवी एक्सपर्ट को जिम्मेदारी दी गई है।

## इन विषयों में यह रहेगी अंतिम तिथि

- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विषयों के लिए एक मई और 10 मई तक आवेदन किए जा सकते हैं।
- सिविल इंजीनियरिंग के लिए 18 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।
- एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस इंजीनियरिंग के लिए 31 मार्च तक आवेदन स्वीकार होंगे।
- 31 मार्च तक फिजिक्स और मैथेमेटिक्स के विषयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

Nai Dunia (Indore), 25th April 2019, Nai Dunia Live, Page-17